Q.62 पहला दुकानदार 3% और 7% की दो क्रमिक छूट देता है, जबकि दूसरा दुकानदार 2% और 8% की दो क्रमिक छूट देता है। तीसरा दुकानदार उसी वस्तु पर 10% की छूट देता है। यदि तीनों दुकानों पर अंकित मूल्य समान है, तो ग्राहक को किस दुकानदार से वस्तु खरीदनी चाहिए?

Ans ✗ 1. पहले या दूसरे दुकानदार से खरीदें क्योंकि दोनों समान हैं।
✗ 2. पहले दुकानदार से खरीदें
✓ 3. तीसरे दुकानदार से खरीदें
✗ 4. दूसरे दुकानदार से खरीदें

Q.63 एक सीढ़ी दीवार के सहारे टिकी हुई है और भूमि के साथ 60° का कोण बनाती है। यदि सीढ़ी की लंबाई 24 m है, तो दीवार से सीढ़ी के पाद की दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans ✗ 1. 9 m
✗ 2. 15 m
✓ 3. 12 m
✗ 4. 18 m

Q.64 एक निश्चित कूट भाषा में, 'SOIL' को '1547' के रूप में और 'COIL' को '7124' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या है?

Ans ✗ 1. 4
✗ 2. 1
✓ 3. 2
✗ 4. 7

Q.65 एक साइकिल चालक 3 घंटे में 120 km की दूरी तय करता है, 1 घंटे विश्राम करता है, और फिर 2 घंटे में 80 km की अतिरिक्त दूरी तय करता है। संपूर्ण यात्रा के लिए साइकिल चालक की औसत चाल निर्धारित करने हेतु, निम्नलिखित में से किन राशियों का उपयोग किया जाना चाहिए?

Ans ✓ 1. तय की गई कुल दूरी / कुल समय
✗ 2. कुल विस्थापन / कुल समय
✗ 3. एक निश्चित दिशा में तय दूरी / समय
✗ 4. वेग में परिवर्तन / कुल समय

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.66 आधार के समानांतर एक समतल, 40 cm ऊंचाई वाले शंकु को दो भागों में विभाजित करता है। यदि बने हुए छोटे ऊपरी शंकु का आयतन, मूल शंकु के आयतन का 1/64 है, तो शंकु के आधार से समतल की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 10 cm
✓ 2. 30 cm
✗ 3. 40 cm
✗ 4. 20 cm

Q.67 अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार, औद्योगिक कार्यस्थलों में आपातकालीन निकास संकेतों के साथ सार्वभौमिक रूप से कौन-सा रंग जुड़ा हुआ है?

Ans
✗ 1. लाल पृष्ठभूमि पर सफेद टेक्स्ट या प्रतीक
✗ 2. पीली पृष्ठभूमि पर काले टेक्स्ट या प्रतीक
✗ 3. नीली पृष्ठभूमि पर सफेद टेक्स्ट या प्रतीक
✓ 4. हरी पृष्ठभूमि पर सफेद टेक्स्ट या प्रतीक

Q.68 एक प्रश्न और उसके बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथन में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

5 छड़ों, B, U, N, M और D में से, जहाँ सभी की लंबाई अलग-अलग है, सबसे छोटी छड़ कौन-सी है?
(I) D, U से छोटी है। M, B से छोटी है।
(II) M, D से बड़ी है।

Ans
✗ 1. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
✓ 2. कथन I और II एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
✗ 3. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
✗ 4. कथन I और II एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Q.69 चीनी की कीमत में 20% की वृद्धि हुई है। मनोज अपनी आय से चीनी पर होने वाले व्यय में केवल 15% की वृद्धि कर सकता है। अपने व्यय को संतुलित करने के लिए, उसे चीनी की खपत में कितने प्रतिशत की कमी करनी चाहिए?

Ans
✗ 1. $5\frac{1}{3}\%$
✓ 2. $4\frac{1}{6}\%$
✗ 3. 6.5%
✗ 4. 5%

Q.70 एक व्यापारी ₹2,750 में एक मेज खरीदता है। वह पहले उस पर 28% की वृद्धि करके मूल्य अंकित करता है, फिर ग्राहक को 12% की छूट देता है। यदि ग्राहक विक्रय मूल्य पर 5% GST का भी भुगतान करता है, तो व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ प्रतिशत (GST को छोड़कर) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 10.36 %
✗ 2. 15.12 %
✓ 3. 12.64 %
✗ 4. 13.81 %

Q.71 संख्याओं का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, सह-अभाज्य है?

Ans
✗ 1. (21, 33)
✓ 2. (17, 54)
✗ 3. (28, 49)
✗ 4. (14, 28)

Q.72 एक साइकिल सवार 60 मीटर उत्तर की ओर, फिर 80 मीटर दक्षिण की ओर और अंत में 70 मीटर उत्तर की ओर साइकिल चलाता है। साइकिल सवार द्वारा तय की गई कुल दूरी कितनी है?

Ans
✗ 1. 10 मीटर
✓ 2. 210 मीटर
✗ 3. 60 मीटर
✗ 4. 150 मीटर

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary**
GET IT ON Google Play

Q.73 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 12 का संबंध 1730 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 13 का संबंध 2199 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 11 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✗ 1. 1433
✗ 2. 1443
✓ 3. 1333
✗ 4. 1543

Q.74 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह तय करना है कि कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी रग, पंखे हैं।
कोई भी पंखा, कार नहीं है।

निष्कर्ष (I) : कुछ रग, कारें हैं।
निष्कर्ष (II) : कुछ पंखें, रग हैं।

Ans
✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✓ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.75 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, वाहन में चालमापी के कार्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. यह वाहन द्वारा तय की गई कुल दूरी को मापता है
✓ 2. यह उस वर्तमान चाल को प्रदर्शित करता है जिस पर वाहन गतिमान है
✗ 3. यह वाहन की चाल में परिवर्तन की दर को दर्शाता है
✗ 4. यह यात्रा के लिए औसत चाल की गणना करता है

Q.76 ₹5,70,000 की धनराशि पर 10% वार्षिक ब्याज दर से 1.5 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए, जहां ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है।

Ans
✗ 1. ₹92,846.25
✓ 2. ₹89,846.25
✗ 3. ₹88,846.25
✗ 4. ₹89,946.25

Q.77 सात बक्से S, T, U, V, W, X और Y एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। U को ऊपर से ठीक तीसरे स्थान पर रखा गया है। U और T के बीच केवल एक बक्सा रखा गया है। W को T के ठीक ऊपर रखा गया है। X और S के बीच केवल तीन बक्से रखे गए हैं। V को Y के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। U और S के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। ऊपर से दूसरे स्थान पर कौन-सा बक्सा रखा गया है?

Ans
✗ 1. T
✓ 2. X
✗ 3. U
✗ 4. V

Q.78 कामगारों को संभावित खतरों से सचेत करने के लिए चेतावनी संकेतों में मुख्य रूप से किस रंग का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. नीले पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट
✗ 2. हरे पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट
✓ 3. पीले पृष्ठ पर काले प्रतीक या टेक्स्ट
✗ 4. लाल पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary GET IT ON Google Play

Q.79 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A − B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'सतीश + दीप × पीयूष – हितेश % मयंक' है, तो सतीश का मयंक से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पिता के भाई की पत्नी की बहन
✗ 2. माता के भाई की पत्नी की बहन
✓ 3. पिता के भाई की पत्नी की माता
✗ 4. माता के भाई की पत्नी की माता

Q.80 एक 42-लीटर विलयन में चीनी और पानी का अनुपात 2 : 5 है। यदि वाष्पीकरण के कारण विलयन का आयतन 35% कम हो जाता है और केवल पानी वाष्पित होता है, तो चीनी और पानी का नया अनुपात कितना होगा?

Ans
✗ 1. 51 : 42
✓ 2. 40 : 51
✗ 3. 31 : 50
✗ 4. 40 : 41

Q.81 एक क्रेन 200 kg के लोड को 10 सेकंड में 15 मीटर की ऊंचाई तक उठाती है। गुरुत्वीय त्वरण को 10 m/s^2 और ऊर्जा हानि को नगण्य मानते हुए, इस क्रिया के दौरान क्रेन का शक्ति आउटपुट कितना होगा?

Ans
✗ 1. 2000 W
✗ 2. 1500 W
✗ 3. 1000 W
✓ 4. 3000 W

Q.82 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करते है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

ZOT - TLP
NIL - HFH

Ans
✗ 1. VZZ - BCD
✗ 2. ABD - VZZ
✓ 3. BCD - VZZ
✗ 4. BOC - VZT

Q.83 सात बॉक्स, P, Q, S, T, U, V, और W, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। T और P के बीच ठीक दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल Q को U के ऊपर रखा गया है। P के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। S को W के नीचे लेकिन V के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। दी गई जानकारी के आधार पर, किस बॉक्स को V के ऊपर तीसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans
✗ 1. T
✗ 2. P
✗ 3. S
✓ 4. W

Q.84 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, WAN की विशेषता का सही वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. WAN, 1 से 2km के रेडियस में डिवाइस को कनेक्ट करने तक ही सीमित हैं
✗ 2. WAN सामान्यतः दूरस्थ LAN को कनेक्ट करने के लिए केवल वायरलेस मीडिया का उपयोग करते हैं
✓ 3. WAN को वायर्ड या वायरलेस लिंक के माध्यम से अनेक LAN को कनेक्ट करके बनाया जा सकता है
✗ 4. WAN हमेशा पब्लिक नेटवर्क होते हैं जिन्हें केवल इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर (ISP) मैनेज करते हैं

Q.85 व्यावसायिक सुरक्षा में शब्द 'HAZOP' का पूर्ण रूप क्या होता है?

Ans
✗ 1. Hazardous Operation Standard (हैज़र्डस ऑपरेशन स्टैंडर्ड)
✓ 2. Hazard and Operability Study (हैज़र्ड एंड ऑपरेबिलिटी स्टडी)
✗ 3. Hazardous Operations Safety (हैज़र्डस ऑपरेशन्स सेफ़्टी)
✗ 4. Handling and Organizing Safety (हैंडलिंग एंड ऑर्गेनाइजिंग सेफ्टी)

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.86 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. IT – KV
✗ 2. DG – EH
✗ 3. KE – LF
✗ 4. SJ – TK

Q.87 दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
11, 22, 44, 88, 176, ?

Ans
✗ 1. 342
✓ 2. 352
✗ 3. 358
✗ 4. 356

Q.88 एक ठोस लंब वृत्तीय शंकु 7 cm ऊँचा है, तथा इसके आधार की त्रिज्या 22.2 cm है। इसे पिघलाकर एक लंब वृत्तीय शंकु बनाया जाता है, जिसकी आधार त्रिज्या 3.7 cm है। तब शंकु की ऊँचाई (cm में) ______ है।

Ans
✗ 1. 159
✗ 2. 267
✓ 3. 252
✗ 4. 185

Q.89 एक वस्तु ₹300 में खरीदी जाती है और उसका मूल्य 5.5% बढ़ा दिया जाता है। तत्पश्चात, परिणामी मूल्य में 8% की कमी कर दी जाती है। अंतिम विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹288.24
✓ 2. ₹291.18
✗ 3. ₹284.45
✗ 4. ₹296.46

Q.90 एक तकनीशियन को रूम हीटर के लिए फ्यूज तार का चयन करना है। विद्युत धारा के तापन प्रभाव के आधार पर सुरक्षा के लिए किस गुणधर्म को सबसे महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए?

Ans
✗ 1. फ्यूज तार के चिरस्थायित्व के लिए उच्च गलनांक होना चाहिए।
✓ 2. अतिरिक्त धारा के दौरान परिपथ को विच्छेदित करने के लिए फ्यूज तार का गलनांक निम्न होना चाहिए।
✗ 3. दक्ष शीतलन के लिए फ्यूज तार का पृष्ठ चमकदार होना चाहिए।
✗ 4. पिघलने से रोकने के लिए फ्यूज तार को उच्च प्रतिरोध वाला और मोटा होना चाहिए।

Q.91 परिसीमित (confined) स्थानों में वायु में तैरते रासायनिक कणों से जुड़े कार्यों के लिए किस प्रकार के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण सर्वाधिक उपयुक्त होते हैं?

Ans
✗ 1. रसायन-रोधी दस्तानों का उपयोग करके हाथों की सुरक्षा
✓ 2. श्वसन सुरक्षा उपकरण जैसे कि हाफ-फेस मास्क
✗ 3. औद्योगिक-ग्रेड हार्ड हैट के साथ सिर की सुरक्षा
✗ 4. ज्वाला-मंदक सूट के साथ शारीरिक सुरक्षा

Q.92 एक व्यक्ति के वेतन में तीन क्रमागत वर्षों में क्रमशः 10%, 20% और 25% की वृद्धि होती है। तीसरे वर्ष के अंत में, वेतन में कुल प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 50%
✓ 2. 65%
✗ 3. 60%
✗ 4. 30%

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary GET IT ON Google Play

Q.93 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और यह क्रम इसी प्रकार आगे भी जारी रहता है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न के समुच्चयों में अपनाई गई संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?
(**नोट**: गणितीय संक्रियाएं, संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

6 – 16 – 23 – 32; 7 – 19 – 26 – 35

Ans
✓ 1. 12 – 34 – 41 – 50
✗ 2. 8 – 22 – 15 – 24
✗ 3. 11 – 31 – 38 – 29
✗ 4. 4 – 14 – 21 – 30

Q.94 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, इंजीनियरिंग ड्राइंग में प्रयुक्त त्रिभुज का सटीक वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. त्रिभुज की सभी भुजाओं की लंबाई सदैव बराबर होनी चाहिए।
✗ 2. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसकी तीनों भुजाएँ वक्रित होती हैं।
✗ 3. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसमें चार सीधी भुजाएँ और चार कोण होते हैं।
✓ 4. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसमें तीन सीधी भुजाएँ और तीन कोण होते हैं।

Q.95 कम्प्यूटिंग में CPU का पूर्ण रूप क्या है?

Ans
✗ 1. Computer Processing Unit (कंप्यूटर प्रोसेसिंग यूनिट)
✓ 2. Central Processing Unit (सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट)
✗ 3. Control Processing Unit (कंट्रोल प्रोसेसिंग यूनिट)
✗ 4. Core Processing Unit (कोर प्रोसेसिंग यूनिट)

Q.96 किसी तार में एक निश्चित समय तक विद्युत धारा प्रवाहित होने पर उसमें उत्पन्न ऊष्मा की मात्रा में कौन-सा कारक वृद्धि करता है?

Ans
✓ 1. तार के प्रतिरोध में वृद्धि करना
✗ 2. तार में धारा को कम करना
✗ 3. तार की लंबाई कम करना
✗ 4. तार को मोटा बनाना

Q.97 निम्नलिखित में कौन-सा, इंजीनियरिंग ड्राइंग में सम्मुख दृश्य (front view) का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans
✓ 1. यह सामने से देखने पर वस्तु की ऊंचाई और चौड़ाई को दर्शाता है
✗ 2. यह वस्तु का केवल निचले या दाएं पार्श्व को दर्शाता है
✗ 3. यह वस्तु की केवल एक विमा को दर्शाता है
✗ 4. यह पार्श्व से देखने पर वस्तु की गभीरता और ऊंचाई को दर्शाता है

Q.98 कुछ रासायनिक प्रशीतक-द्रव्यों को प्रतिबंधित करने से ओजोन परत को होने वाली क्षति में प्रभावी रूप से कमी क्यों आती है?

Ans
✗ 1. प्रशीतक-द्रव्यों में ऐसे कण होते हैं जो हानिकारक UV प्रकाश को अवशोषित करते हैं।
✓ 2. प्रशीतक-द्रव्य ऐसे पदार्थ मुक्त करते हैं जो ओजोन विघटन को उत्प्रेरित करते हैं।
✗ 3. प्रशीतक-द्रव्य, ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जित करते हैं जो समतापमंडल को गर्म करती हैं।
✗ 4. प्रशीतक-द्रव्य, ऑक्सीजन उत्पादन को बढ़ाते हैं, जिससे ओजोन पुनःप्राप्ति में सहायता मिलती है।

Q.99 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1 2 7 20 61 ?

Ans
✗ 1. 181
✓ 2. 182
✗ 3. 183
✗ 4. 185

Blackbook
Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.100 मान लीजिए C एक वृत्त है, तथा AB और DE वृत्त C पर दो जीवाएँ इस प्रकार हैं कि AB = BE है। चतुर्भुज ABED में, मान लीजिए AE और BD, F पर प्रतिच्छेद करते हैं, ∠DBE = 55° और ∠BAE = 40° है। ∠FED ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 45°
✗ 2. 60°
✗ 3. 55°
✗ 4. 110°

Section : Part B (Mechanic Tractor)

Q.101 धात्विक पृष्ठ पर सीधी लेआउट लाइनें बनाने के लिए मुख्यतः किस टूल का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. ट्राई स्क्वायर (try square) के साथ आउटसाइड माइक्रोमीटर
✗ 2. हैमर (hammer) के साथ सेंटर पंच
✗ 3. डिवाइडर (divider) के साथ वर्नियर कैलिपर
✓ 4. स्टील रूल (steel rule) के साथ स्क्राइबर

Q.102 कल्टीवेटर लगे ट्रैक्टर को रिवर्स करते समय, टॉप लिंक (top link) के गलत समायोजन का क्या प्रभाव पड़ सकता है?

Ans
✗ 1. यह इंजेक्टर के अनुक्रम को परिवर्तित कर सकता है
✓ 2. यह इम्प्लीमेंट को असमान रूप से लिफ्ट होने का कारण बन सकता है
✗ 3. यह हाइड्रोलिक तरल के स्तर में कमी कर सकता है
✗ 4. यह गियर अनुपात को तीक्ष्ण रूप से बढ़ा सकता है

Q.103 कर्षण शलाका (drawbar) को समायोजित करने से पहले निम्नलिखित में से कौन-सा एक सुरक्षा चरण होता है?

Ans
✗ 1. क्लच लीवर को रिलीज करना
✗ 2. इंजन की चाल में वृद्धि करना
✗ 3. ईंधन टैंक को खोलना
✓ 4. पार्किंग ब्रेक लगाना

Q.104 हाईवे सुरक्षा पर, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH's) की नियामक पहलों का महत्वपूर्ण प्रभाव क्या है?

Ans
✗ 1. प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र जारी करना
✓ 2. सभी राज्यों में एकसमान साइनेज (signage) लागू करना
✗ 3. टैक्सी परमिट आवंटन (taxi permit allocation) का विनियमन करना
✗ 4. चालक प्रशिक्षण स्कूलों का पर्यवेक्षण करना

Q.105 IEC 60445 वायरिंग कलर कोड के अनुसार, उदासीन चालक (neutral conductor) की पहचान ________ रंग से की जाती है।

Ans
✓ 1. नीले
✗ 2. भूरे
✗ 3. हरे-पीले
✗ 4. लाल

Q.106 सिलिंडर स्लीव की सामग्री के लिए कौन-सा गुण सबसे महत्वपूर्ण होता है?

Ans
✓ 1. उच्च निघर्षण प्रतिरोध
✗ 2. उच्च विद्युत चालकता
✗ 3. उच्च पारदर्शिता
✗ 4. उच्च घर्षण

Q.107 प्रत्यावर्तित्र परिपथ में डायोड का उपयोग क्यों किया जाता है?

Ans
✗ 1. यांत्रिक हानियों में कमी करने के लिए
✓ 2. केवल एक ही दिशा में धारा का प्रवाह होने देने के लिए
✗ 3. विद्युत आवेश को संग्रहित करने के लिए
✗ 4. चुंबकीय क्षेत्र सामर्थ्य में वृद्धि करने के लिए

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.108 प्रायोगिक आकलन के दौरान, एक विद्यार्थी सेंटर पंच को अनुशंसित कोण के बजाय 45 डिग्री पर शार्पन करता है। इस त्रुटि का संभावित परिणाम क्या हो सकता है?

Ans
✗ 1. पंच अधिक मजबूत हो जाएगा
✓ 2. पंच टिप शीघ्र घिस जाएगी
✗ 3. निशान गहरे और स्पष्ट होंगे
✗ 4. पंच का वजन कम हो जाएगा

Q.109 माइक्रोमीटर के लिए अंशांकन (calibration) क्यों आवश्यक है?

Ans
✗ 1. तीन दशमलव बिंदु तक रीडिंग मापने के लिए
✗ 2. मापयंत्र का आकार बढ़ाने के लिए
✓ 3. यथार्थ मापन रीडिंग सुनिश्चित करने के लिए
✗ 4. टूल की मापक सीमा (रेंज) परिवर्तित करने के लिए

Q.110 डीजल इंजन स्नेहन प्रणालियों में संश्लिष्ट तेलों का उपयोग करके किस कारक में सबसे अधिक सुधार किया जाता है?

Ans
✗ 1. प्रणाली में आर्द्रता को आकर्षित करने की क्षमता
✓ 2. उच्च ताप पर भंजन के प्रति प्रतिरोध
✗ 3. अपघर्षी कणों का निर्माण
✗ 4. तेल निम्नीकरण की गति

Q.111 सीलिंग अनुप्रयोगों (sealing applications) में कौन-सी स्थिति पेपर गैस्केट की सीमा को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करती है?

Ans
✗ 1. निम्न-प्रतिबल वाले निरीक्षण पैनल को कवर करना
✗ 2. तेल के अल्प रिसाव की अस्थायी मरम्मत
✓ 3. उच्च दाब और ऊष्मा के साथ शीतलक तंत्र को सील करना
✗ 4. गैर-दाबित वाल्व कवर को सील करना

Q.112 यदि रेचन पाइप का व्यास बहुत छोटा हो, तो पश्च-दाब (back pressure) पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans
✗ 1. पश्च-दाब पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा
✓ 2. केवल पश्च-दाब में वृद्धि होगी
✗ 3. केवल पश्च-दाब में कमी होगी
✗ 4. पश्च-दाब समाप्त हो जाएगा

Q.113 बेयरिंग शेल (bearing shell), सिरों की तुलना में बीच में थोड़े पतले क्यों बनाए जाते हैं?

Ans
✗ 1. इंजन के समग्र वजन को घटाने के लिए
✓ 2. तापीय प्रसार को समायोजित करने के लिए
✗ 3. रव न्यूनन में सुधार के लिए
✗ 4. संरचनात्मक सामर्थ्य बढ़ाने के लिए

Q.114 एक अश्वशक्ति (horse power), _______ के बराबर होती है।

Ans
✗ 1. 6000 kgf metre/min
✓ 2. 4500 kgf metre/min
✗ 3. 3000 kgf metre/min
✗ 4. 1500 kgf metre/min

Q.115 उभय-क्रिय प्रवर्तक (double-acting actuator) की दिशा को नियंत्रित करने के लिए 4-3 वे वाल्व (4-3 way valve) को प्राथमिकता क्यों दी जाती है?

Ans
✗ 1. यह स्वचालित रूप से दाब में वृद्धि करता है
✗ 2. यह अन्य प्रकारों के वाल्व की तुलना में छोटा होता है
✗ 3. यह वन-वे तरल संचलन की सुविधा देता है
✓ 4. यह प्रवाह को उत्क्रमित कर सकता है और न्यूट्रल स्थिति प्रदान कर सकता है

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.116 एक प्रचालक को वेल्डिंग के दौरान ज्वाला में अत्यधिक कज्जल (soot) दिखाई देती है। किस प्रकार का समायोजन किया जाना चाहिए?

Ans
✓ 1. ज्वाला में ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाएं
✗ 2. ज्वाला में अतिरिक्त ऐसीटिलीन मिलाएं
✗ 3. दोनों गैसों को समान दर से कम करें
✗ 4. ज्वाला में ऑक्सीजन की आपूर्ति कम करें

Q.117 संदर्भ के अनुसार ट्रैक्टरों में स्प्लिट (dual) ब्रेक पेडल का मुख्य लाभ क्या है?

Ans
✓ 1. ये बेहतर मोड़ क्षमता के लिए स्वतंत्र ब्रेकिंग की सुविधा देते हैं
✗ 2. ये नियमित अनुरक्षण की आवश्यकता को कम करते हैं
✗ 3. ये रूक्ष भू-भाग पर सुसंगत ब्रेकिंग प्रदान करते हैं
✗ 4. ये ब्रेकिंग प्रणाली की शक्ति में वृद्धि करते हैं

Q.118 संश्लिष्ट तेलों की रासायनिक संरचना डीजल इंजनों में उनके निष्पादन को किस प्रकार प्रभावित करती है?

Ans
✗ 1. यह आपंक (sludge) निर्माण की संभावना में वृद्धि करता है
✓ 2. यह सुसंगत स्नेहन के लिए अपेक्षाकृत श्रेष्ठ आण्विक एकरूपता को सक्षम करता है
✗ 3. यह असंगत परिणामों के लिए अनियमित आण्विक विन्यास को प्रोत्साहित करता है
✗ 4. यह तेल की तापीय भंग का प्रतिरोध करने की क्षमता में कमी करता है

Q.119 ओवरहेड पारेषण लाइनों में ऐलुमिनियम का उपयोग क्यों किया जाता है?

Ans
✗ 1. क्योंकि उसमें उच्च प्रतिरोध और उच्च भार होता है
✓ 2. क्योंकि उसमें उत्तम विद्युत चालकता और निम्न भार होता है
✗ 3. क्योंकि उसमें विद्युत चालकता शून्य होती है
✗ 4. क्योंकि उसमें अनंत प्रतिरोधकता होती है

Q.120 निम्न-श्रेणी पदार्थ वाले बेयरिंग शेल के विनिर्माण से कौन-सी समस्या उत्पन्न हो सकती है?

Ans
✓ 1. समयपूर्व बेयरिंग विफलता
✗ 2. वर्धित तेल दाब
✗ 3. कंपन में कमी
✗ 4. इंजन की चाल में सुधार

Q.121 एक अनुरक्षण अभियंता को कंपन और तेल दोनों के संपर्क में आने वाले फ्लैंज जोड़ (flange joint) के लिए एक गैस्केट का चयन करना है। इसके लिए किस सामग्री पर विचार किया जाना चाहिए?

Ans
✗ 1. संपीडित ऐस्बेस्टॉस चादर (Compressed asbestos sheet)
✗ 2. शुद्ध धातु गैस्केट चादर (Pure metal gasket sheet)
✓ 3. रबड़-प्रबलित कॉर्क चादर (Rubber-reinforced cork sheet)
✗ 4. सादे कागज की गैस्केट चादर (Plain paper gasket sheet)

Q.122 डीजल इंजन में परिवर्ती वाल्व कालमापन का मुख्य कार्य क्या है?

Ans
✓ 1. वाल्व के खुलने और बंद होने की घटनाओं को अनुकूलित करना
✗ 2. पिस्टन क्रियाविधि प्रणाली के कालमापन में परिवर्तन करना
✗ 3. वाल्व क्रियाविधि के समग्र आमाप में कमी करना
✗ 4. सुचारू प्रचालन के लिए स्नेहन प्रणाली प्रदान करना

Q.123 पावर आउटलेट की सीमित पहुँच वाले एक निर्माण स्थल पर एक तकनीशियन को अलग-अलग ऊंचाइयों पर छिद्रों को ड्रिल करने हैं। कौन-सा सुवाह्य ड्रिलिंग (portable drilling) साधन सबसे उपयुक्त है?

Ans
✗ 1. वातिल ड्रिलिंग मशीन (pneumatic drilling machine) का उपयोग करना
✓ 2. बैटरी से चलने वाली कॉर्डलेस ड्रिल (cordless drill) का उपयोग करना
✗ 3. भारी अचल ड्रिल प्रेस (heavy stationary drill press) का उपयोग करना
✗ 4. कॉर्डेड इलेक्ट्रिक बेंच ड्रिल (corded electric bench drill) का उपयोग करना

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary GET IT ON Google Play

Q.124 इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट (ECU), डीजल इंजन में उत्सर्जन नियंत्रण में किस प्रकार योगदान करती है?

Ans ✗ 1. रेडिएटर पंखे की चाल बढ़ाती है
✓ 2. ईंधन आपूर्ति को समायोजित करती है
✗ 3. गियर लीवर की स्थिति को संशोधित करती है
✗ 4. ईंधन टैंक की क्षमता बढ़ाती है

Q.125 किस प्रणाली की शुरुआत से भारतीय ट्रैक्टर प्रचालन में मृदा संहतीकरण में सबसे अधिक कमी हुई है?

Ans ✓ 1. निम्न दाब वाले रेडियल टायर
✗ 2. त्रिभुजाकार कैटरपिलर ट्रैक
✗ 3. ठोस रबर ट्रेड
✗ 4. ढलवां लोहे के पहिए

Q.126 ट्रैक्टर क्लच शैफ्ट के ठीक से कार्य करने के लिए कौन-सी अनुरक्षण क्रिया आवश्यक है?

Ans ✗ 1. विलायकों से शैफ्ट की नियमित सफाई करना
✗ 2. सभी क्लच घटकों पर ग्रीस लगाना
✓ 3. असेंबली और मरम्मत के दौरान सही संरेखण सुनिश्चित करना
✗ 4. सभी निकटवर्ती गियरबॉक्स माउंटिंग बोल्टों को कसना

Q.127 यदि केवल अर्ध-गोल रेती उपलब्ध हो, तो कार्यकर्ता को किस सीमा का सामना करना पड़ सकता है?

Ans ✗ 1. अतिरिक्त सामग्री को हटाना
✗ 2. वक्रित पृष्ठों पर कार्य करने में अक्षमता
✓ 3. तीक्ष्ण आंतरिक कोनों तक पहुंचने में कठिनाई
✗ 4. सपाट पृष्ठों को परिष्कृत करने में अक्षमता

Q.128 स्वच्छ डीजल प्रौद्योगिकी में उन्नत इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण इकाइयों (ECU) का उपयोग उत्सर्जन निष्पादन में किस प्रकार सुधार करता है?

Ans ✗ 1. उत्सर्जन नियंत्रण सेंसरों को बायपास करता है
✗ 2. अंतःक्षेपकों को अधिकतम दर पर चलाता है
✗ 3. डीजल टैंक का आकार बढ़ाता है
✓ 4. अंतःक्षेपण समय का यथार्थ रूप से अनुकूलन करता है

Q.129 अनुरक्षण के दौरान पुनर्प्राप्ति प्रणाली (recovery system) का उपयोग कार्यस्थल की सुरक्षा में किस प्रकार सहायक है?

Ans ✗ 1. यह विद्युत तारों को लघुपथ से बचाता है
✓ 2. यह तकनीशियनों को हानिकारक प्रशीतक संपर्क से बचाता है
✗ 3. यह दोष के दौरान प्रणाली को स्वचालित रूप से बंद कर देता है
✗ 4. यह यूनिट के अंदर गतिशील पुर्जों को स्नेहित करता है

Q.130 किसी यांत्रिक स्टीयरिंग प्रणाली में बाएं और दाएं अगले पहियों के बीच संरेखण बनाए रखने के लिए मुख्यत: कौन-सा घटक जिम्मेदार होता है?

Ans ✗ 1. ड्रैग लिंक मैकेनिज्म (Drag link mechanism)
✗ 2. पिटमैन आर्म लीवर (Pitman arm lever)
✓ 3. टाई रॉड असेंबली (Tie rod assembly)
✗ 4. स्टीयरिंग गियर बॉक्स (Steering gear box)

Q.131 एक ऑपरेटर गैस वेल्डिंग का उपयोग करके पतली शीट धातु को वेल्ड करना चाहता है। इस कार्य के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा उपस्कर समायोजन सबसे महत्वपूर्ण है?

Ans ✓ 1. सही नोज़ल आकार के साथ निम्न गैस दाब सेट करें
✗ 2. गहरे वेधन के लिए गैस दाब में वृद्धि करें
✗ 3. ज्वाला के चौड़े प्रसार के लिए बड़े नोज़ल का उपयोग करें
✗ 4. मिक्सर सेटिंग को उच्च ऑक्सीजन अनुपात में बदलें

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.132 यदि प्रचालन के दौरान ट्रेलर हिच (trailer hitch) की लॉकिंग पिन, पूर्ण रूप से संलग्न (engage) नहीं है, तो इस परिदृश्य में प्राथमिक जोखिम क्या है?

Ans
✓ 1. लोड के अधीन ट्रेलर अप्रत्याशित रूप से अलग हो सकता है
✗ 2. टायरों का वायु दाब तेजी से कम हो सकता है
✗ 3. टिलर इंजन (tiller engine) तीव्रता से अधितप्त हो सकता है
✗ 4. ड्रॉबार (drawbar) मुड़ जाएगा और गलत तरीके से संरेखित हो जाएगा

Q.133 प्रक्षेप रेखाएं या विस्तार रेखाएं सामान्यतः किसका उपयोग करके खींची जाती हैं?

Ans
✗ 1. श्रृंखलित मोटी रेखा
✓ 2. सतत पतली रेखा
✗ 3. डैश वाली पतली रेखा
✗ 4. सतत मोटी रेखा

Q.134 संधारित्र में, __________ के लिए परावैद्युत पदार्थ का उपयोग किया जाता है।

Ans
✗ 1. प्रदायी वोल्टता को कम करने
✗ 2. धारा प्रवाह में वृद्धि करने
✗ 3. प्लेटों को एक साथ जोड़ने
✓ 4. प्लेटों को एक-दूसरे से रोधित करने

Q.135 किस पदार्थ से बनी रेती, कठोरीकृत इस्पात के पुर्जों के परिष्करण के लिए सर्वोत्तम निष्पादन प्रदान करेगी?

Ans
✓ 1. औजारी इस्पात
✗ 2. तांबा
✗ 3. ऐलुमिनियम
✗ 4. पीतल

Q.136 ट्रैक्टरों के लिए स्थिर गियर सिस्टम के स्थान पर मैनुअल ट्रांसमिशन होना क्यों आवश्यक है?

Ans
✗ 1. ये सुनिश्चित करते हैं कि ट्रैक्टर सदैव नियत चाल से चले
✗ 2. इनका उपयोग मुख्य रूप से इंजन के रव को कम करने के लिए किया जाता है
✗ 3. ये नियमित ब्रेक उपयोग की आवश्यकता को समाप्त करते हैं
✓ 4. ये ट्रैक्टरों को परिवर्ती कार्य स्थितियों में अनुकूलन की सुविधा प्रदान करते हैं

Q.137 कौन-सी परिघटना मुख्य रूप से स्फुलिंग-प्रज्वलन (SI) इंजनों में अपस्फोटन (knocking) का कारण बनती है और उनके संपीडन अनुपात को सीमित करती है?

Ans
✗ 1. अंतःक्षेपण के दौरान ईंधन का अपूर्ण वाष्पीकरण
✗ 2. ऑक्सीजन की अत्यधिक मात्रा के कारण अपूर्ण दहन
✓ 3. ज्वालाग्र से आगे अदग्ध मिश्रण का स्वतः प्रज्वलन
✗ 4. इंजन के स्नेहन तेल का अत्यधिक तापमान

Q.138 डीजल इंजनों में परिवर्ती वाल्व समयन का उपयोग करके मुख्य रूप से किन उत्सर्जनों को कम किया जाता है?

Ans
✗ 1. सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी
✗ 2. कण पदार्थ उत्सर्जन में वृद्धि
✓ 3. नाइट्रोजन ऑक्साइड उत्सर्जन में कमी
✗ 4. हाइड्रोजन उत्सर्जन में कमी

Q.139 यदि किसी ट्रैक्टर का स्टार्टर, अपघर्षण रव (grinding noise) उत्पन्न करता है, तो संभावित समस्या क्या हो सकती है?

Ans
✓ 1. घिसा हुआ स्टार्टर पिनियन
✗ 2. दोषपूर्ण गवर्नर स्प्रिंग
✗ 3. पंखे का क्षतिग्रस्त ब्लेड
✗ 4. अवरुद्ध ईंधन-लाइन

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary GET IT ON Google Play

Q.140 फाइनल ड्राइव असेंबली में पिनियन (pinion) को समायोजित करते समय किस अनुक्रम का पालन किया जाना चाहिए?

Ans ✗ 1. पैटर्न जांचना, गभीरता समायोजित करना, बैकलैश सेट करना
✓ 2. गभीरता सेट करना, बैकलैश समायोजित करना, कॉन्टैक्ट पैटर्न जांचना
✗ 3. बैकलैश समायोजित करना, गभीरता जांचना, कॉन्टैक्ट पैटर्न सेट करना
✗ 4. कॉन्टैक्ट पैटर्न जांचना, बैकलैश सेट करना, गभीरता समायोजित करना

Q.141 विद्युत संस्थापनों में अर्थिंग की क्या भूमिका होती है?

Ans ✗ 1. डिवाइस की शक्ति बढ़ाता है
✗ 2. डिवाइसों की वोल्टता को कम करता है
✓ 3. दोष धारा को भू-संपर्क में प्रेषित करता है
✗ 4. अतिरिक्त विद्युत का भंडारण करता है

Q.142 इंजन चक्र में संपीड़न अनुपात में परिवर्तन से कौन-सा घटक प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होता है?

Ans ✗ 1. समय-क्रम पट्टा (Timing belt)
✓ 2. दहन कक्ष (Combustion chamber)
✗ 3. प्रत्यावर्तित्र (Alternator)
✗ 4. वायु निस्यंदक (Air filter)

Q.143 डीजल इंजनों में उपयोग किए जाने वाले संयोजी रॉड की सामान्य अनुप्रस्थ-काट आकृति क्या होती है?

Ans ✗ 1. वर्ग
✗ 2. T-सेक्शन
✓ 3. I-सेक्शन
✗ 4. वर्तुल

Q.144 एक ट्रैक्टर सुरक्षा अंतःपाश परिपथ (safety interlock circuit) इंजन को केवल तभी चालू होने देता है जब क्लच और न्यूट्रल दोनों स्विच सक्रिय हों। इस संक्रिया के लिए कौन-सा लॉजिक गेट सर्वाधिक उपयुक्त है?
(मान लें कि सक्रिय स्विच का अर्थ लॉजिक HIGH है)

Ans ✗ 1. XOR गेट
✗ 2. OR गेट
✗ 3. NOT गेट
✓ 4. AND गेट

Q.145 एक ड्राइवर लंबी ड्राइव के बाद रेडिएटर से भाप निकलते हुए देखता है। रेडिएटर के कार्य के संबंध में यह किस प्रकार का संकेत देता है?

Ans ✗ 1. रेडिएटर में शीतक द्रव्य अधिक मात्रा में भरा है
✓ 2. रेडिएटर ऊष्मा को प्रभावी तरीके से हटाने में विफल हो रहा है
✗ 3. रेडिएटर, टायर का दाब बनाए रखता है
✗ 4. रेडिएटर ईंधन लाइनों की सफाई कर रहा है

Q.146 चाल को अदिश राशि क्यों कहा जाता है?

Ans ✓ 1. इसका परिमाण होता है लेकिन दिशा नहीं होती है
✗ 2. यह केवल बल पर निर्भर करती है
✗ 3. यह केवल त्वरण के साथ परिवर्तित होती है
✗ 4. यह गति के विपरीत कार्य करती है

Q.147 यदि कोई मशीनिस्ट न्यूनतम परिभ्रमण (wandering) के साथ एक सटीक छिद्र ड्रिल करना चाहता है, तो ट्विस्ट ड्रिल (twist drill) की कौन-सी विशेषता सबसे महत्वपूर्ण है?

Ans ✗ 1. फ्लूट (Flute)
✗ 2. मार्जिन (Margin)
✗ 3. शैंक (Shank)
✓ 4. प्वाइंट कोण (Point angle)

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.148 डीज़ल इंजन के पिस्टन रिंग में प्रयुक्त सामग्रियों के लिए कौन-सा गुणधर्म अनिवार्य है?

Ans
✗ 1. उच्च संक्षारण प्रतिरोध
✗ 2. निम्न संक्षारण प्रतिरोध
✗ 3. निम्न घर्षण प्रतिरोध
✓ **4. उच्च घर्षण प्रतिरोध**

Q.149 किस छड़ पर चूड़ी कर्तन के समय, प्लायर से डाई पकड़ने के स्थान पर डाई स्टॉक (die stock) का उपयोग करना क्यों आवश्यक है?

Ans
✗ 1. डाई स्टॉक वजन में हल्का होता है
✗ 2. डाई स्टॉक प्लायर की तुलना में अधिक बलाघूर्ण उत्पन्न करता है
✓ **3. डाई स्टॉक स्थिरता और संरेखण प्रदान करता है**
✗ 4. डाई स्टॉक केवल कर्तन की चाल बढ़ाता है

Q.150 एक विद्यार्थी ने ड्रिलिंग के लिए पॉइंट मार्क करने हेतु सेंटर पंच का उपयोग किया, लेकिन फिर भी ड्रिल बिट फिसल गई। इसका सबसे संभावित कारण क्या है?

Ans
✓ **1. निशान (indentation) बहुत कम गहरा था**
✗ 2. बहुत अधिक बल (force) का उपयोग किया गया था
✗ 3. पंच अत्यधिक कठोरित (hardened) हो गया था
✗ 4. गलत पंच (wrong punch) का चयन किया गया था

Q.151 कार्यशाला में संदिग्ध विद्युत आग लगने की स्थिति में, सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किस कार्रवाई से बचना चाहिए?

Ans
✗ 1. विद्युत-निर्धारित अग्निशामक का उपयोग करना
✗ 2. धूम बढ़ने पर कार्यशाला को खाली करना
✓ **3. विद्युत से लगी आग बुझाने के लिए जल का उपयोग करना**
✗ 4. विद्युत प्रदाय तुरंत वियोजित करना

Q.152 ट्रैक्टर में, दोनों पिछले पहियों पर समान रूप से ब्रेक अनुप्रयुक्त होना क्यों महत्वपूर्ण है?

Ans
✗ 1. इंजन के अवयवों पर निघर्षण कम करने के लिए
✓ **2. रुकने के दौरान ऋजु संचलन बनाए रखने के लिए**
✗ 3. सभी परिस्थितियों में त्वरित रूप से रुकने के लिए
✗ 4. ट्रैक्टर की ईंधन दक्षता बढ़ाने के लिए

Q.153 दुपहिया वाहन के ड्राइंग में प्रच्छन्न कोरों (hidden edges) को सामान्यतः निम्नलिखित में से किसके द्वारा दर्शाया जाता है?

Ans
✓ **1. डैश रेखाओं**
✗ 2. सतत मोटी रेखाओं
✗ 3. चेन मोटी रेखाओं
✗ 4. दोहरी वक्रित रेखाओं

Q.154 कौन-सा घटक, डीजल इंजेक्शन के समय को विनियमित करता है?

Ans
✗ 1. वायु अंतर्ग्रहण (Air intake)
✗ 2. ग्लो प्लग (Glow plug)
✗ 3. ईंधन फिल्टर (Fuel filter)
✓ **4. इंजेक्शन पंप (Injection pump)**

Q.155 आवधिक परीक्षण से उत्थापन प्रचालन में समग्र सुरक्षा में किस प्रकार सुधार होता है?

Ans
✗ 1. यह सुनिश्चित करता है कि नए उपस्कर सदैव सुरक्षित रहता है
✓ **2. यह अदृश्य दोषों का जल्द पता लगाने में सहायता करता है**
✗ 3. यह मुख्य रूप से उपस्कर के सौंदर्यपरक पर फोकस करता है
✗ 4. यह उपयोगकर्ता के अनुभव और प्रशिक्षण पर निर्भर करता है

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary GET IT ON Google Play

Q.156 भारी लोड खींचने के दौरान, यदि एक ट्रैक्टर को उच्च गियर में प्रचालित किया जाए, तो क्या हो सकता है?

Ans ✗ 1. इंजन लोड के अधीन अधिक कुशलता से चलता है

✗ 2. इंजन लोड के लिए अधिक शक्ति उत्पन्न करता है

✗ 3. इंजन स्वचालित रूप से निचले गियर पर स्विच हो जाता है

✓ 4. अपर्याप्त बलाघूर्ण के कारण इंजन स्टॉल (stall) हो सकता है

Q.157 निम्नलिखित में से किस प्रकार का ब्रेक बूस्टर सामान्यतः वाहनों में उपयोग किया जाता है?

Ans ✓ 1. वैक्यूम ब्रेक बूस्टर (Vacuum brake booster)

✗ 2. मैकेनिकल ब्रेक बूस्टर (Mechanical brake booster)

✗ 3. इलेक्ट्रोमैग्नेटिक ब्रेक बूस्टर (Electromagnetic brake booster)

✗ 4. सेंट्रीफ्यूगल ब्रेक बूस्टर (Centrifugal brake booster)

Q.158 किसी वस्तु की सटीक आकृति और माप को दर्शाने के लिए इंजीनियरिंग ड्राइंग में सामान्यतः किस प्रकार के प्रक्षेप का उपयोग किया जाता है?

Ans ✗ 1. तिर्यक प्रक्षेप

✗ 2. सममितीय प्रक्षेप

✓ 3. लंबकोणिक प्रक्षेप

✗ 4. संदर्श प्रक्षेप

Q.159 ट्रैक्टर में पश्च लाइटों के लिए सामान्यतः किस प्रकार के लैंप का उपयोग किया जाता है?

Ans ✗ 1. हेडलैंप (Headlamp)

✗ 2. स्पॉट लैंप (Spot lamp)

✗ 3. फ्लड लैंप (Flood lamp)

✓ 4. टेल लैंप (Tail lamp)

Q.160 संरेखण के दौरान, दोनों टाई रॉड (tie rod) के सिरों को ट्रैक्टर पर समान रूप से समायोजित क्यों किया जाना चाहिए?

Ans ✗ 1. पहियों के लिए अतिरिक्त टो-इन (toe-in) बनाने के लिए

✗ 2. द्रवचालित तरल निष्पादन में सुधार करने के लिए

✗ 3. क्षेत्र में मोड़ों के लिए अधिक टो-आउट (toe-out) प्रदान करने के लिए

✓ 4. यह सुनिश्चित करने के लिए कि दोनों पहिये सीधे आगे की ओर ट्रैक करें

Q.161 निम्नलिखित में से कौन-सा, रेचन मैनिफोल्ड (exhaust manifolds) में प्रयुक्त सामग्री के लिए एक आवश्यक अभिलक्षण है?

Ans ✗ 1. उच्च विद्युत चालकता

✗ 2. उच्च चुंबकशीलता

✓ 3. उच्च तापीय प्रतिरोध

✗ 4. अल्प-भार के लिए निम्न घनत्व

Q.162 ट्रैक्टर विद्युत प्रणाली में प्रज्वलन चेतावनी लैंप (ignition warning lamp) का मुख्य कार्य क्या है?

Ans ✗ 1. बैटरी वोल्टता को बढ़ाना

✗ 2. इंजन के तापमान को कम करना

✗ 3. पहिया संरेखण को नियंत्रित करना

✓ 4. चार्जिंग प्रणाली के दोष को इंगित करना

Q.163 विमांकन प्रणाली में, विमा रेखा के सिरे सामान्यतः _________ को स्पर्श करते हैं।

Ans ✗ 1. केंद्र रेखाओं

✗ 2. प्रच्छन्न परिरेखाओं

✗ 3. हैचिंग रेखाओं

✓ 4. विस्तार रेखाओं

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.164 'B' तापमान रेटिंग वाला ट्रैक्टर टायर किस प्रकार के उपयोग के लिए सबसे उपयुक्त है?

Ans ✗ 1. हल्के लोड और निम्न चाल के लिए
✗ 2. केवल ऑफ-रोड उपयोग के लिए
✗ 3. उच्च चाल और भारी लोड के लिए
✓ 4. मध्यम चाल और मध्यम लोड के लिए

Q.165 ट्रैक्टर टायर की प्लाई रेटिंग क्या इंगित करती है?

Ans ✗ 1. टायर का आकार और चौड़ाई
✓ 2. टायर का सामर्थ्य और भार वहन क्षमता
✗ 3. टायर पर ट्रेड पैटर्न (tread pattern) का प्रकार
✗ 4. टायर में अपेक्षित वायु दाब

Q.166 डीजल इंजन में वाल्व समयन आरेख क्या दर्शाता है?

Ans ✗ 1. दहन के दौरान ईंधन दाब में भिन्नता
✓ 2. वाल्व प्रचालनों का अनुक्रम
✗ 3. ईंधन अतःक्षेपण दाब भिन्नता
✗ 4. अंतर्गम और रेचन वाल्व की यांत्रिक डिजाइनिंग

Q.167 एक ठोस डाई, चूड़ी कर्तन के कार्य (threading work) के लिए कब अनुपयुक्त होगी?

Ans ✗ 1. जब स्टील की छड़ों पर चूड़ी कर्तन का कार्य किया जा हो
✗ 2. जब सपोर्ट के लिए डाई स्टॉक का उपयोग किया जा रहा हो
✓ 3. जब आकार में मामूली समायोजन की आवश्यकता हो
✗ 4. जब हाथ से चूड़ी कर्तन का कार्य किया जा रहा हो

Q.168 2 m व्यास और 3.5 m ऊँचाई वाले एक बेलनाकार टैंक में पेट्रोल भरा हुआ है। π = 22/7 का उपयोग करते हुए, इसका आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans ✓ 1. 11 m^3
✗ 2. 9 m^3
✗ 3. 12 m^3
✗ 4. 15 m^3

Q.169 पावर टिलर (power tiller) का मूल कार्य सिद्धांत क्या है?

Ans ✗ 1. यह पूर्णतः बैटरी-चालित तंत्र का उपयोग करके प्रचालित होता है
✓ 2. यह इंजन की शक्ति को पहियों और उपयंत्रों तक पहुंचाता है
✗ 3. यह क्षेत्र प्रचालन के लिए संपीडित वायु प्रणालियों का उपयोग करता है
✗ 4. यह क्षेत्र संचलन के लिए केवल हाइड्रोलिक प्रणालियों के माध्यम से कार्य करता है

Q.170 निम्नलिखित में से किस धातु का क्वथनांक निम्नतम है?

Ans ✗ 1. कैल्शियम
✗ 2. ऐलुमिनियम
✓ 3. कैडमियम
✗ 4. कोबाल्ट

Q.171 द्वार स्पंद हटा दिए जाने के बाद भी थाइरिस्टर चालन जारी रखता है। इस व्यवहार का मुख्य कारण क्या है?

Ans ✗ 1. थाइरिस्टर फ्यूज की तरह कार्य करता है।
✓ 2. ट्रिगर होने के बाद डिवाइस ON की स्थिति में लैच हो जाता है।
✗ 3. गेट धारा में निरंतर वृद्धि होती रहती है।
✗ 4. संग्राहक-उत्सर्जक संधि पश्च बायस्ड रहता है।

Blackbook
Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.172 ऑटोमोटिव डिजाइन में मानक रेचन-बहुमुखक (exhaust manifold) के स्थान पर निष्कर्षकों को क्यों चुना जा सकता है?

Ans ✓ 1. क्योंकि वे रेचन प्रवाह कालमापन को अनुकूलित करके निष्पादन को बढ़ाते हैं।
✗ 2. क्योंकि वे रेचन प्रणाली की विनिर्माण लागत को कम करते हैं।
✗ 3. क्योंकि वे वाहन के कुल वजन को उल्लेखनीय रूप से कम करते हैं।
✗ 4. क्योंकि वे रेचन गैसों का तापमान कम करते हैं।

Q.173 2-पोस्ट हॉइस्ट (two post hoist) की तुलना में 4-पोस्ट हॉइस्ट (four post hoist) कब कम लाभप्रद होगी?

Ans ✗ 1. इंजन शीतलक के अपवाहन के समय
✗ 2. ऑयल फिल्टर बदलते समय
✓ 3. बॉडी के निचले हिस्से में जंग की जांच करते समय
✗ 4. पार्श्व बॉडी पैनल तक पहुँचते समय

Q.174 बाह्य माइक्रोमीटर (outside micrometer), गभीर आंतरिक खांचों (grooves) के मापन के लिए उपयुक्त क्यों नहीं है?

Ans ✗ 1. यह स्वतः ही खांचों में फिट होने के लिए प्रसारित हो जाता है
✓ 2. स्पिंडल खांचों में नहीं पहुंच सकता है
✗ 3. यह बृहत छिद्रों के मापन हेतु अभिकल्पित है
✗ 4. यह एक साथ कई खांचों का मापन करता है

Q.175 भारत में पहला स्वदेशी ट्रैक्टर लाने के लिए कौन-सी कंपनी जानी जाती है?

Ans ✓ 1. स्वराज ट्रैक्टर्स (Swaraj Tractors)
✗ 2. एस्कॉर्ट्स लिमिटेड (Escorts Limited)
✗ 3. TAFE ट्रैक्टर्स (TAFE Tractors)
✗ 4. आइशर ट्रैक्टर्स (Eicher Tractors)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play